प्रेस रिलीज़

पुणे में बीईएमएल का कार्यालय स्थापित

बीईएमएल लिमिटेड, जो रक्षा मंत्रालय के अधीन एक अग्रणी सार्वजनिक रक्षा उपक्रम है, ने आज पुणे, महाराष्ट्र में अपना कलपुर्जा और गोदाम कार्यालय का शुभारंभ किया।

कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री दीपक कुमार होता की उपस्थिति में लेफ्टिनेंट जनरल गिरिराज सिंह, महानिदेशक, आयुध सेवा द्वारा उक्त कार्यालय का उद्घाटन किया गया।

पुणे में बीईएमएल का गोदाम सह कार्यालय का उद्घाटन करते हुए लेफ्टिनेंट जनरल गिरिराज सिंह, महानिदेशक, आयुध सेवा। श्री डी के होता, सीएमडी, बीईएमएल भी साथ में दर्शित हैं।

उद्घाटन के उपरांत श्री डी के होता, सीएमडी, बीईएमएल के साथ बीईएमएल के गोदाम डिपो का संदर्शन करते हुए लेफ्टिनेंट जनरल गिरिराज सिंह, महानिदेशक, आयुध सेवा।

बीईएमएल ने अपने कार्यालय को पुणे में न केवल महाराष्ट्र में अपनी उपस्थिति को बढ़ाने के लिए स्थापित किया है बल्कि ग्राहकों के दरवाजे के कदम तक, अर्थात भारतीय सेना तक, पहुंचने के लिए किया है।

इस अवसर पर, श्री होता, सीएमडी, बीईएमएल ने कहा, "यह उच्च गतिशीलता बीईएमएल टाट्रा वाहनों के लिए कलपुर्जों की भावी आपूर्ति करने और सर्वदा मांग वाले बाज़ार के परिदृश्य में रक्षा क्षेत्र में सकल ग्राहकों की संतुष्टि प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। "

बेंगलूर
06.12.2017

बीईएमएल लिमिटेड द्वारा रिलीज़